# शिक्षा निदेशालय, दिल्ली सरकार

## मध्यावधि परीक्षा अभ्यास प्रश्न पत्र

## सत्र -2026-27

कक्षा: III | विषय: पर्यावरण अध्ययन


अवधि: 2 घंटे | अधिकतम अंक: 50

**सामान्य निर्देश:**

1. सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।
2. यह प्रश्न पत्र पाँच खंडों में विभाजित है: खंड- अ, खंड- ब, खंड- स, खंड- द और खंड- इ
3. प्रत्येक प्रश्न के अंक प्रश्न के सामने दिए गए हैं।

### खंड-अ

1. नीचे दिए गए नक्शे को ध्यान से देखिए- 5x2=10




इन प्रश्नों के सही उत्तर पर गोला लगाइए-

(i) इनमें से किसका घर परेड मैदान के अधिक पास है?

a. राधा
b. नीता
c. स्नेहा
d. रोहित

(ii) अगर आपको डाक घर से पुस्तकालय तक सबसे छोटे रास्ते से जाना हो, तो आप किस इमारत के पास से गुज़रेंगे?

a. पुलिस थाना
b. परेड मैदान
c. बैंक
d. विद्यालय

| | | |
|---|---|---|
| | (iii) स्नेहा हर महीने कुछ पैसे बचाती है। वह इन पैसों को अपने नाम से जमा करवाना चाहती है। इस कार्य के लिए वह इनमें से किस स्थान पर खाता खुलवा सकती है?<br>a. पुस्तकालय<br>b. स्कूल<br>c. बैंक<br>d. पुलिस थाना<br>(iv) नीता कुछ लिफ़ाफ़े और डाक टिकट खरीदना चाहती है। वह इन्हें कहाँ से खरीद सकती है?<br>a. स्कूल<br>b. डाक घर<br>c. पुलिस थाना<br>d. बैंक<br>(v) राधा को किताबें पढ़ना पसंद है। उसे पढ़ने के लिए किताबें कहाँ मिल सकती हैं?<br>a. डाक घर<br>b. पुलिस थाना<br>c. पुस्तकालय<br>d. बैंक | |
| | खंड-ब | |
| 2. | निम्न प्रश्नों के उत्तर संक्षेप में लिखिए-<br>(i) अपनी मम्मी की मम्मी को आप क्या कहकर पुकारते हैं?<br>**अथवा**<br>आपके परिवार में उम्र में सबसे बड़ा व्यक्ति कौन है?<br>________________________________________<br>(ii) पानी में रहने वाले एक जानवर का नाम लिखिये।<br>**अथवा**<br>किसी एक जानवर का नाम लिखिए जो पेड़ों पर रहता है।<br>________________________________________<br>(iii) अपने शहर से दूसरे शहर तक जाने के लिए आप कौन से वाहन का प्रयोग करेंगे?<br>**अथवा**<br>किसी एक वाहन का नाम लिखिए जिसमें बूढ़े लोगों के लिए सीट आरक्षित होती हैं।<br>________________________________________ | 5x1 = 5 |

(iv) पहाड़ी इलाकों में वसंत ऋतु में उगने वाले किसी एक फूल का नाम लिखिए।


________________________________________

(v) एक कीट का नाम लिखिए जो बारिश के मौसम में दिखाई देता है।

________________________________________

## खंड- स

3. अमन अपने परिवार के साथ एक मेले में घूमने गया है। मेले के बाहर उसे कुछ गाड़ियाँ, एक स्टॉल और एक नक्शा दिखाई दिया- 5x1 = 5

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
|  |  |  |  |  |
| खोया-पाया बूथ | एम्बुलेंस | आग बुझाने वाली गाड़ी | पुलिस की जीप | मेले का नक्शा |

अमन इनमें से किसके पास जाएगा , जब-

(i) एक चोर ने उसकी मम्मी का पर्स छीनने की कोशिश की। ____________________

(ii) उसे मेले में किताबों का स्टॉल ढूँढना है। ____________________

(iii) उसके छोटे भाई को चोट लग गई। ____________________

(iv) उसकी पानी की बोतल मेले में कहीं खो गई। ____________________

(v) एक स्टॉल में आग लग गई। ____________________

4. नीचे कुछ खेलों के नाम दिए गए है। घर के बाहर खेले जाने वाले खेलों के नाम के सामने ‘बाहर’ लिखिए और जो घर के अंदर खेले जा सकते हैं, उनके नाम के सामने ‘अंदर’ लिखिए

क्रिकेट - बाहर

लूडो - अंदर

(i) फुटबॉल - ____________


(ii) अंताक्षरी - ____________

(iii) गिल्ली डंडा - ____________

(iv) साँप सीढ़ी - ____________

(v) शतरंज - ____________

5. पौधों के नाम का उनके प्रकार से मिलान कीजिए- 5x1 = 5

| पौधों के नाम | प्रकार |
|---|---|
|  (i) गुलाब | a. जड़ी बूटी |
|  (ii) जामुन | b. घास |
|  (iii) तरबूज | c. पेड़ |
|  (iv) गेंहू | d. लता |
|  (v) धनिया | e. झाड़ी |

खंड-द

| | | |
|---|---|---|
| 6. | पशु और पक्षी किस प्रकार पेड़ों के लिए उपयोगी हैं, नीचे दिए वाक्यों में से छाँट कर लिखिए- | 4 |

(i) पेड़, पशु और पक्षियों को रहने के लिए स्थान देते हैं।

(ii) पशु और पक्षी, बीजों को दूर-दूर तक फैलाकर नए पौधे उगने में सहायता करते हैं।

(iii) हम पेड़ लगाते हैं और उनकी देखभाल करते हैं।

(iv) हमें गाय, भैंस और बकरियों से दूध मिलता है।

(v) पशु अपनी विष्ठा से भूमि को उपजाऊ बनाते हैं।

(vi) हमें पेड़ों से भोजन और छाया मिलती है।

________________________________________

________________________________________

________________________________________

**अथवा**

एक दिन सुमा ने पार्क में एक पौधे पर एक कैटरपिलर देखा। उसे वह दिलचस्प लगा। वह रोज़ उस कैटरपिलर को देखने लगी। उसकी माँ ने उसे तितली के जीवन-चक्र के बारे में बताया।




रिक्त स्थान भरकर तितली के जीवन चक्र को पूरा कीजिए।

(i) तितली पत्तों पर छोटे- छोटे ___________ देती है।

(ii) अंडा एक भूखे ________________________ में फूटता है।

(iii) वह लगातार पौधे की कोमल पत्तियाँ खा रहा था।

(iv) एक दिन उसने पत्तियाँ खाना बंद कर दिया। कैटरपिलर ने एक कोकून बनाया।

(v) वह _____________ से बाहर आ गई। अब वह एक सुंदर सी _____________ बन गई थी।

वह धीरे से उड़ गई ।

| | | |
|---|---|---|
| 7. | दिए गए स्थान में किसी पशु या कीट का चित्र बनाकर उसका नाम लिखिए हैं -<br>**अथवा**<br>दिए गए स्थान में एक पौधे का चित्र बनाकर किन्हीं दो भागों के नाम लिखिए- | 4 |
| | खंड- इ | |
| 8. | (i) विशु का त्योहार कहाँ मनाया जाता है?<br>________________<br>(ii) विशु कानि में रखी जाने वाली किन्हीं चार चीज़ों के नाम लिखिए?<br>________________<br>________________ | 6 |
| 9. | (i) पेड़ -पौधे हमारे लिए किस प्रकार उपयोगी हैं?<br>(ii) पेड़ -पौधों से मिलने वाली किन्हीं चार चीजों के नाम लिखिए।<br>**अथवा**<br>(i) पशु और पक्षी हमारे लिए किस प्रकार उपयोगी हैं?<br>(ii) पशुओं और पक्षियों से मिलने वाली किन्हीं चार चीजों के नाम लिखिए।<br>________________<br>________________<br>________________<br>________________ | 6 |